# हमारी देशी गौ-माता हैं सर्वश्रेष्ठ : डॉ. यादव

## गौ-माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत-संकल्पित

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जिस प्रकार किसानों को गेहूं ,चने आदि अलग-अलग फसलों के लिए बोनस दिया जा रहा है, उसी प्रकार अब दूध खरीदने पर भी बोनस दिया जाएगा ताकि लोग घर-घर गौ-माता को पालने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। वहीं दुर्घटनाग्रस्त व दिव्यांग गौ-माताओं को गौ-शाला में रखा जायेगा। दूध का व्यवसाय भी हमारे लोगों का जीवन बदलने में सहायक हो इसका प्रशिक्षण भी शुरू होगा। उन्होंने कहा कि हमारी देशी गौ-माता सर्वश्रेष्ठ हैं। हमारी देशी गौ-माता के संवर्धन के लिए प्रयास किए जाएंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज उज्जैन के ग्राम रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गौ-शाला के संवर्धन और एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शाला में पौध-रोपण कर संपूर्ण जिले में अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कपिला गौ-शाला का भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होंने गौ-शाला में गौ-माता का पुष्पमाला पहनाकर, तिलक लगाकर पूजन किया और आरती उतारी। उन्होंने नन्हे बछड़ों को पशु चारा खिलाकर दुलार भी किया। उन्होंने गौ-शाला में उपलब्ध आधुनिक पशु चारा मशीन सहित अन्य उपकरणों का अवलोकन किया। कपिला गौ-शाला के अच्युतानंद जी महाराज ने गौ-शाला में किए गए नवाचार के साथ गौ-शाला संवर्धन के मास्टर प्लान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में पौध-रोपण और उसके संरक्षण की संकल्प लेने वाले विभिन्न संस्थाओं को पौधे भेंट किया।

कार्यक्रम में कपिला गौ-शाला की विकास कार्ययोजना पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वामी मुस्कुराके ने किया। गायक अमित शर्मा द्वारा देशभक्ति और पर्यावरण केंद्रित सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई।

# मुख्यमंत्री ने स्वेच्छानुदान मद से 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की

**भोपाल (काप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से दो दुर्घटनाओं में 10 व्यक्तियों की मृत्यु पर 40 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। एक जुलाई को श्योपुर जिले के ग्राम टर्राखुर्द, अर्रोदरी बलावली का पटरा भूतकछा के 7 व्यक्तियों की करोली माता दर्शन के लिये राजस्थान जाते समय सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनके परिजन को चार-चार लाख रुपए प्रति मृत व्यक्ति के मान से कुल 28 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 24 जून को दमोह जिले के ग्राम वांसातारखेड़ा में हुई घटना में तीन व्यक्तियों की मृत्यु होने पर उनके परिजन को चार-चार लाख रुपए कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव-निर्मित संयुक्त कार्यालय तहसील भवन का किया शुभारंभ :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन में 6 करोड़ 40 लाख की लागत से नवनिर्मित संयुक्त भवन तहसील कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में बादाम का पौधा रोपा। नवीन भवन में उज्जैन नगर तहसील और कोठी महल तहसील कार्यालय संचालित किया जाएगा। संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण 6 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से किया गया है। इसका निर्माण 2450 वर्गमीटर में किया गया। जिसमें भू-तल 1180 वर्गमीटर, प्रथम तल 1180 वर्गमीटर एंव वरांडा व पोर्च 90 वर्गमीटर में निर्मित किया गया है।

क्षेत्रीय सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा संभागायुक्त उज्जैन संजय गुप्ता, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।


### सड़क हादसे में घायल युवक ने 24 दिन बाद तोड़ा दम

**भोपाल( काप्र )।** जीराबाद थाना इलाके में बीते दिनो सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान करीब 24 दिन बाद मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नजीराबाद में रहने वाला 28 वर्षीय पवन कुमार पुत्र भारत सिंह निजी काम करता था। बीती 11 जून को घर जाते समय वह हादसे का शिकार हो गया था। सड़क पर घायल हालत में पड़ा देख लोगो से मिली सूचना के बाद उसे इलाज के लिये एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मर्ग कायम कर पुलिस हादसे की जांच कर रही है। टीम का कहना है की जॉच के बाद ही पता चल सकेगा उसे किसी वाहन ने टक्कर मारी थी या वह खुद ही हादसे का शिकार हुआ था।

# समेकित प्रयास से मध्यप्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में शीघ्र बनेगा अग्रणी : शुक्ल

**भोपाल (काप्र)।** उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि इंटिग्रेटिव मेडिसिन (एकीकृत चिकित्सा) के बारे में सरकार बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवायें बेहतर होंगी।

हमने ग्रामीण क्षेत्रों में तेज़ी से अधोसंरचना विकास किया है। पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में इंटिग्रेटिव मेडिसिन रिसर्च सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अरबिंदो अस्पताल की यह पहल विश्वास जगाती है कि ऐसे प्रयासों से जल्द ही मध्यप्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में शीघ्र अग्रणी प्रदेश बनेगा। उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने



अरबिंदो विश्वविद्यालय इंदौर में इंटिग्रेटिव मेडिसिन रिसर्च सेंटर का शुभारंभ किया। साथ ही अरबिंदो विवि के अंतर्गत इंटिग्रेटिव मेडिसिन कोर्स की शुरुआत भी की। उप-मुख्यमंत्री ने इंदौर जिले की नगर निगम और परिषदों में कार्यरत महिलाकर्मियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस अवसर पर कैंपस में 1100 औषधीय पौधों का रोपण भी किया गया। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, राजेश मिश्रा, अरबिंदो विवि की कुलाधिपति डॉ. मंजूभंडारी, प्रति-कुलाधिपति-द्वय डॉ. मोहित भंडारी, डॉ. महक भंडारी, कुलपति डॉ. ज्योति बिंदल उपस्थित थीं।

### छोटा-मोटा सामान नहीं भारी-भरकम कंटेनर ही चुरा ले गए चोर

**भोपाल( काप्र )।** गोविंदपुरा थाना इलाके में अज्ञात चोरो ने छोटा-मोटा सामान नहीं बल्कि बड़ा सा कंटेनर ही चोरी कर लिया। फरियादी का कहना है की उसने सामान भरा कंटेनर खड़ा किया था, करीब एक महीने बाद जब वह उसे देखने पहुंचा तो कंटेनर गायब था, जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। पुलिस के अनुसार अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड मिनाल में रहने वाले स्वतंत्र बाबू गुप्ता पिता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता (52) ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया था कि वह ठेकेदारी का काम करते हैं। उन्हें थिंक गैस की पाइप लाइन बिछाने का काम मिला है। काम के चलते कंटेनर में पाइप लाइन बिछाने के काम आने वाले उपकरण सहित अन्य सामान रखकर वह उसका उपयोग कर रहे थे। 25 मई को कंटेनर को रायसेन रोड पर गोविंदपुरा स्थित पटाखा मार्केट के पास पार्क किया था। काम में व्यस्त होने के कारण वह कंटेनर को देखने नहीं गए। बीती 25 जून को जब वह कंटेनर देखने पहुंचे तो वह गायब नजर आया। पहले तो उन्होने अपने स्तर पर उसकी काफी खोजबीन की लेकन कोई जानकारी नहीं मिलने पर वह पुलिस के पास पहुंचे।

# महापौर ने शाहपुरा, 1100 क्वाटर्स एवं तुलसी पार्क में किया पौधरोपण

**भोपाल (काप्र)।** महापौर मालती राय ने 'एक पौधा मां के नाम' वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शाहपुरा बाल हनुमान टेकरी, 1100 क्वाटर्स एन.सी.सी.ग्राउंड तथा सेकेण्ड स्टॉप स्थित तुलसी पार्क सहित अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया। महापौर ने उपस्थितजन को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर चलाये जा रहे 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत नागरिक भी अपने आसपास की खुली भूमियों पर पौधरोपण करें और अन्य नागरिकों को भी इस हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, महापौर परिषद की सदस्या श्रीमती सुषमा बावीसा, जोन अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता रघुवंशी, पार्षद अरविंद वर्मा, पूर्व निगम परिषद अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह चौहान आदि ने भी पौधरोपण किया।



## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### 24.5 लाख लोग...

टीम बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए मौके पर है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम लोगों की शिकायतें सुनने और उनके मुद्दों को हल करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, गुवाहाटी, गोलपारा और धुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसकी सहायक नदियाँ चेनीमारी में बूढ़ी दिहिंग, शिवसागर में दिखौ, नांगलमुराघाट में दिसांग, नुमालीगढ़ में धनसिरी, एनटी रोड क्रॉसिंग पर जिया भराली और कामपुर और धर्मतुल में कोपिली भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

### हिमाचल में भारी...

नीचे आ गया। लाहौल-स्पीति जिले का केलांग 9.9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। राज्य में सबसे अधिक बारिश कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में 214 मिमी, जोगिंद्रनगर में 169 मिमी, कांगड़ा में 157 मिमी, बैजनाथ में 142 मिमी, नगरोटा सूरियां में 90.2 मिमी, सुजानपुर टीहरा में 72 मिमी, धौलाकुआं में 70 मिमी, घमरूर में 68.2 मिमी और नादौन में 63 मिमी बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि बारिश के कारण शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में कोहरा छाया रहेगा। 8 जुलाई से मौसम साफ होने की उम्मीद है।

### भारतीय संस्कृति में...

में जनभागीदारी से 26001 पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए आरंभ जल-गंगा अभियान के अंतर्गत भोपाल शहर के 12 जलाशयों से 128 डम्पर गाद निकाला गया तथा 54 बावड़ियों और 42 कुंओं के संरक्षण का कार्य किया गया। सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप, अपनी माँ के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं तथा उसकी देखभाल भी करें। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, पंचायत और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सांसद वीडी शर्मा, सांसद आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कहा- यह माफी...

कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि वे आलोचना के लिए आलोचना में लगे रहते हैं। मेरे पास इतने मजबूत शब्द नहीं हैं कि मैं इस तरह की कहानियों की निंदा कर सकूं। एक सांसद को अंशकालिक करार दिया जा रहा है। मैं इस मंच से उनसे अपील करता हूं कि कृपया इस अपमानजनक, और सांसदों के प्रति अत्यधिक अपमानजनक टिप्पणी को वापस लें। मुझे आशा है कि वह ऐसा करेगा। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि दीर्घावधि में, तीन कानूनों को संविधान और आपराधिक न्यायशास्त्र के आधुनिक सिद्धांतों के अनुरूप लाने के लिए उनमें और बदलाव किए जाने चाहिए। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने ब्रिटिश काल के क्रमश: भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान ले लिया है। चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तथाकथित नए कानूनों का 90-99 फीसदी अंश कांट-छांट करने, नकल करने और इधर से उधर चिपकाने का काम है।

### अयोध्या की तरह...

शुरुआत करेगी। अहमदाबाद के पालडी इलाके में कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव गांधी भवन के बाहर दो जुलाई को कांग्रेस और भाजपा के सदस्यों के बीच उस समय झड़प हो गई थी, जब भाजपा की युवा शाखा के सदस्य हिंदुओं के बारे में गांधी की टिप्पणी का विरोध करने के लिए वहां पहुंचे थे। राहुल गांधी ने इसी घटना का जिक्र करते हुए यह बात की। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों में पथराव हुआ जिसमें एक सहायक पुलिस आयुक्त सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पूर्व कांग्रेस प्रमुख गांधी ने अपने भाषण में उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा की हार को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उनके सर्वेक्षकों ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह देते हुए कहा कि वह हार जाएंगे और उनका राजनीतिक करियर खत्म हो जाएगा।

### नीट यूजी काउंसिलिंग...

प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि इससे लाखों ईमानदार अभ्यर्थियों पर 'गंभीर असर' पड़ सकता है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। इस साल पांच मई को यह परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 571 शहरों के 4,750 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 23 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। प्रश्न पत्र लीक समेत अनियमितताओं के आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए तथा विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को उठाया। इस संबंध में अदालतों में भी कई मामले दायर किए गए। इस साल पांच मई को यह परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 571 शहरों के 4,750 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 23 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। प्रश्नपत्र लीक होने समेत अनियमितताओं के आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए तथा विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। इस संबंध में अदालतों में भी कई मामले दायर किए गए। नीट-यूजी और पीएचडी प्रवेश परीक्षा नेट में कथित अनियमितताओं को लेकर जनाक्रोश के बीच केंद्र ने सुबोध सिंह को एनटीए महानिदेशक पद से हटा दिया था तथा एजेंसी द्वारा पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व प्रमुख आर राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति अधिसूचित की थी।

# बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पार्कों एवं स्कूलों में लगाए पौधे



**भोपाल (हिनप्र)।** संतनगर में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अलग-अलग जगहों पर पौधे रोपकर एक पौधा लगाएं मां के नाम अभियान में सहभागिता की। सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने भी पौधे रोपकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भोपाल नगर-निगम द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान में संतनगर स्थित गुलाब उद्यान में पौधे रोपे और माँ के प्रति समर्पण की भावना को व्यक्त किया। प्रकृति के प्रति दायित्वबोध की इस भावना के अवसर पर सिद्धभाऊ ने अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार माँ, अपने शिशु का लालन-पालन करती है, ठीक उसी प्रकार विद्यार्थी स्वरोपित वृक्षों के प्रति समर्पित बने रहे। संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी एवं प्राचार्य बहादुर सिंह ने वृक्षारोपण की क्रमबद्धता को बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल का समस्त शिक्षक परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

**200 पौधे रोपे बच्चों ने :** एल.वी.एस. ग्रुप ऑफ स्कूल में बच्चों ने 200 पौधे रोपे। जिला विधिक प्राधिकरण के न्यायाधीश मृदुल लटौरिया, स्वपनिल वर्मा एवं सृष्टि कुशवाहा अतिथि के रूप में पौधारोपण में शामिल हुए। स्कूल संचालक योगेश हिंगोरानी ने अतिथियों का स्वागत किया। लटौरिया ने कहा कि लड़कियों को अपनी सुरक्षा स्वयं करनी चाहिए, वह जहां भी रहें निडर होकर रहें और साहसी बनें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भी हमारा मौलिक कर्तव्य है हमें अपने पर्यावरण की सुरक्षा एक पेड़ लगाकर करनी चाहिए। इस अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण के राजकुमार थावानी ने प्राधिकरण की अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

**बोरवन पार्क में पौधे लगाए :** संस्कार विद्यालय के विद्यार्थियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान में बोरबन पार्क एवं विद्यालय में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, उपाध्यक्ष सुरेश राजपाल, सहसचिव नरेश वासवानी, लेखापरीक्षक पुरूषोत्तम टिलवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामबसंल, जगदीश आसनानी, श्री गुलाब जेठानी, कमल प्रेमचन्दानी व नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी बच्चों के साथ पौधे लगाए। वासवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम एक पेड़ अपनी माँ के नाम अवश्य लगाएं।

**जंबूरी मैदान पर पौधे रोप :** नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनंदराम टी. शाहानी बालिका उच्चतम माध्यमिक विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने राजधानी के जंबूरी मैदान पर पौधारोपण किया। लाइफ लाइन स्कूल के बच्चों ने गमलों में एक पौधा मां के नाम रोपा। पौधों में रोज पानी डालने का संकल्प लिया। सामाजिक संस्था मातृभूमि ने एक वृक्ष माँ के नाम अभियान में संतनगर में इंद्रा नगर मनोकामेशवर मंदिर के प्रांगण में पौधे लगाएवृक्ष लगाए संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत लगाया गया है।

### *प्रकृति संरक्षित रहेगी, तभी हम स्वस्थ रह सकेंः मिश्र*

*भोपाल (हिनप्र)। प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र की अध्यक्षता में पौधारोपण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल आरती शर्मा की उपस्थित में जिला न्यायालय परिसर भोपाल में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक खरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह, अधिवक्तागण, कर्मचारियों ने पौधे रोपे। प्रधान जिला न्यायाधीश भोपाल अमिताभ मिश्र के निर्देशन में न्यायाधीश चेतना दीक्षित, न्यायाधीश रिया चौकसे, न्यायाधीश नंदिनी शुक्ला ने फिल्टर प्लांट बूढ़ाड़ाखेड़ा, गुलाब उद्यान बैरागढ़ में वृहद वृक्षारोपण किया। इसके अलावा न्यायाधीश मृदुल लटौरिया, न्यायाधीश स्वपनिल वर्मा, न्यायाधीश सृष्टि कुशवाहा ने नवीन पार्क एवं राजाभोज एयरपोर्ट मे वृहद वृक्षारोपण किया। अन्य वृक्षारोपण कार्यक्रम में न्यायाधीश कृष्णकांत बागरे, न्यायाधीश शुभम द्विवेदी, न्यायाधीश अवनि धाकड़ के द्वारा पक्षी विहार गोविंदपुरा मे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।*



# सेवासदन की माया और प्रीतम कौर ने किया टॉप

**भोपाल (हिनप्र)।** सेवासदन नेत्र चिकित्सालय की दो ऑप्टोमेट्रिस्ट ने ऑप्थल्मिक सहायक पद के चयन में क्रमश: प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित किया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मध्यप्रदेश इकाई द्वारा फरवरी 2024 में आयोजित प्रतियोगी परीक्षा की कॉमन मेरिट लिस्ट जारी की गयी है। लिस्ट में सेवासदन की माया ज्ञानचंदानी ने प्रथम तथा प्रीतम कौर ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। चयन सूची में कुल 244 अभ्यर्थियों के नाम सम्मिलित हैं, इनमें 14 अभ्यर्थी सेवासदन चिकित्सालय के है। ऑप्थल्मिक सहायक और ऑप्टोमेट्रिस्ट दृष्टि दोष और नेत्ररोग की प्रारम्भिक जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं





। नेत्र सुरक्षा की यह जांच जितनी अचूक होगी, डॉक्टर को रोगी के इलाज में उतनी ही सुविधा होगी । सेवा सदन के अन्य जिन नेत्र सहायकों का नाम एनएचएम की कॉमन मेरिट लिस्ट में सम्मिलित है। सूची में ईश कुमार चौबे, तम्मना श्रीवास्तव, सौरभ गुप्ता, सारिका राजपूत, नन्दराम साहू, अल्फिया इस्लाम, सविता जाटव, बलराम सिंह कुर्मी, अर्जुन मीना, कृष्णकांत श्रीवास्तव, पुष्पराज आर्य तथा सिद्धार्थ कुमार पटेल। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के अध्यक्ष संत सिद्ध भाऊ ने कहा है कि इन कर्मचारियों ने सेसनेचि में बड़ी संख्या में नेत्र रोगियों की सेवा की है। उनके आशीर्वाद से ही इन कर्मचारियों ने यह सफलता अर्जित की है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बड़वई में आराध्यम पर्ल नाम की कालोनी में एस. के. रियल बिल्ड एसोसिएट्स द्वारा एल. आई. जी. एवं ई.डब्ल्यू.एस. विक्रय करने हेतु आम सूचना प्रकाशित की गई है। इच्छुक खरीददार व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें।

**सम्पर्क-**
**एस.के. रियल बिल्ड एसोसिएट, 30 कोतवाली रोड भोपाल**
**मो. नं. 7000734091, 6268335470**

1110

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 01 रापड़िया तहसील कोलार, जिला भोपाल (म.प्र.)**

**रा.प्र.क्र. / अ-12/2024-25**

**ग्राम का नाम- कटारा**
**प.ह.नं. 01 तहसील कोलार जिला भोपाल**
**सूचना पत्र (वास्ते सीमांकन)**

प्रति, 1. मेसर्स असनानी वेंचर्स प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर जयसूरज नाम्बियार पुत्र जयराज नाम्बियार नि. भोपाल। 2. मो. आबिद, मो. जाहिद पिता अब्दुल वाहिद नि. कटारा भोपाल, 3. एच.सी. तिवारी पुत्र एल.पी. तिवारी नि. नयापुरा भोपाल, 4. मनोज प्रताप सिंह संजय प्रताप सिंह पुत्रगण रामशंकर सिंह नि. नेहरू नगर मंजरेर सिंगरोली, 5. श्रीमती अर्चना शुक्ला पत्नी ए.के. शुक्ला, अरणेश शुक्ला पुत्र आई.जी. शुक्ला निवासी रीवा, 6. आर.एस. बाजपेयी पुत्र श्याम बिहारी बाजपेयी, श्रीमती मालती बाजपेयी पत्नी मनोज बाजपेयी नि. भोपाल, 7. श्रीमती अनन्दिता मिश्रा पत्नी विनय मिश्रा निवासी नेहरू नगर भोपाल, 8. श्री मनीराम पिता रामचरण नि. कटारा भोपाल, 9. श्री प्रेम नारायण घोसी पिता रामचरण नि. कटारा भोपाल, 10. श्रीमती घीसी बाई पत्नी जगन्नाथ बद्रीप्रसाद नरेश पुत्र जगन्नाथ निवासी कटारा, 11. श्री कमलेश पिता रामचरण नि. कटारा भोपाल, 12. हरीराम पुत्र रामचरण नि. ग्राम कटारा भोपाल, 13. शहादत खान पिता इफ्तेखार मो. खान नि. कोलार भोपाल, 14. श्री मुकेश साहू पिता पुरन साहू नि. भोपाल, 15. श्रीमती तृप्ति पचोरी पत्नी पीयूष जैन एवं पीयूष जैन पिता पवन नि. भोपाल, 16. सईद मोहम्मद खान पिता स्व. इफ्तेखार खान नि. भोपाल, 17. आयशा पुत्र स्व. इफ्तेखार खान नि. भोपाल, 18. श्रीमती नाहिदा जहां पत्नी स्व. इफ्तखार खान नि. भोपाल, 19. जसवन्त सिंह उर्फ भारत सिंह पुत्र लाल सिंह नि. भोपाल, 20. ग्राम कोटवार कटारा भोपाल एवं समस्त पड़ोसी।

**विषय**- सीमांकन किए जाने बाबत सूचना पत्र।

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. आबिद, मो. जाहिद, पिता अब्दुल वाहिद व अन्य निवासी कटारा भोपाल द्वारा ग्राम कटारा प.ह.नं. 1 तहसील कोलार जिला भोपाल में स्थित खसरा नंबर 300/3/1, 300/3/2, 300/4/1, 300/4/2, 300/4/3, 300/4/4, 303/3/1, 303/3/2, 303/4/1, 303/4/2, 303/4/3, रकबा क्रमश: 0.1500, 0.1500, 0.1000, 0.0500, 0.1000, 0.0500, 0.1500, 0.1500, 0.1000, 0.1500, 0.0500 कुल रकबा 1.200 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 09.07.2024 को समय 4.00 पी.एम. बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 5.7.2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**राजस्व निरीक्षक तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.**

1111